
# 14 कहाँ से आया, किसने पकाया




दोनों परिवारों में कौन किस तरह के काम कर रहा है?

❋ क्या तुम्हारा परिवार इन दोनों में से किसी एक परिवार जैसा है? यदि हाँ तो किसके जैसा? तुम्हारा परिवार उस परिवार से कैसे मिलता है?

रूढ़िबद्ध धारणाओं जैसे लड़का-लड़की में भेदभाव (जेंडर विषमता) पर चर्चा संवदेनशीलता से होनी चाहिए ताकि बच्चे उन पर सवाल तो कर सकें और किसी की भावनाओं को ठेस भी न पहुँचे।

❋ यदि नहीं तो अपने परिवार के बारे में बताओ।

❋ क्या तुम्हारे घर में सब एक साथ खाना खाते हैं? यदि नहीं तो क्यों?

______________________________________________

______________________________________________

❋ सबसे आखिर में खाना कौन खाता है?

______________________________________________

❋ खाना बनाने में कौन मदद नहीं करता और क्यों?

______________________________________________

______________________________________________


❋ तुम्हारे घर में और तुम्हारे एक दोस्त के घर में तालिका में दिए गए काम कौन करता है – पता लगाओ और लिखो। कुछ और काम तालिका में जोड़ो।

| काम | कौन करता है | |
|---|---|---|
| | तुम्हारे घर में | तुम्हारे दोस्त के घर में |
| 1. खाना बनाना | ____________ | ____________ |
| 2. बाज़ार से सामान खरीदना | ____________ | ____________ |
| 3. झाड़ू लगाना | ____________ | ____________ |
| 4. बर्तन साफ़ करना | ____________ | ____________ |
| 5. पानी भरना | ____________ | ____________ |
| 6. ____________ | ____________ | ____________ |
| 7. ____________ | ____________ | ____________ |
| 8. ____________ | ____________ | ____________ |

© NCERT not to be republished

❋ घर में ज़्यादा काम कौन करता है?


| | |
|---|---|
| तुम्हारे | ______ |
| दोस्त के | ______ |



## जो खाया कहाँ से आया?

नीचे कुछ खाने-पीने की चीज़ों के नाम लिखे हैं। जो चीज़ें हम पेड़-पौधों से लेते हैं उन पर हरे रंग से ◯ लगाओ। जो चीज़ें हमें जानवरों से मिलती हैं उन पर लाल रंग से ◯ लगाओ। खाली जगह में कुछ नाम तुम भी जोड़ो।

| | | | |
|---|---|---|---|
| शहद | हल्दी | मछली | ______ |
| मक्का | दूध | नींबू | ______ |
| पालक | आलू | अजवाइन | ______ |
| अंडा | माँस | केला | ______ |
| टमाटर | प्याज | ______ | ______ |



जब तुम बीमार होते हो तो क्या पेड़-पौधों से मिलने वाली चीज़ों को दवाई के रूप में लेते हो? कब कौन-सी चीज़ लेते हो –

- चोट लगने पर ______
- पेट दर्द होने पर ______


बच्चों के परिवेश में दवाई के रूप में प्रयोग किए जाने वाले पेड़-पौधों की पहचान व उनका उपयोग पारंपरिक ज्ञान की परख और समझ का मौका देगा।

© NCERT not to be republished

♦ खाँसी के लिए ____________________

♦ दाँत दर्द होने पर ____________________

हर चीज़ के लिए सही टोकरी चुनो। लाइन बनाकर मिलान करो।




© NCERT not to be republished

इस अभ्यास में कुछ पौधों के ऐसे भाग दिए गए हैं, जो कि हमारे भोजन का हिस्सा हैं। बातचीत के द्वारा इस सूची को बढ़ाया जा सकता है।